तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार 16 अप्रैल 2026

12 भाजपा के स्थापना दिवस पर किया झिटकाटोला...



12 मोबाइल एप पर जनगणना, भानुप्रतापपुर में डिजिटल ...





## खबर संक्षेप

### बाबा साहब के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएं



**कांकेर।** शहर के आमापारा में मंगलवार को भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती उत्सव श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के माध्यम से सामाजिक एकता, संविधान के सम्मान और बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। इस अवसर समाज के नीरज मेश्राम, अनिल गोंडाने, प्रज्ञा मेश्राम, माया सुखदेवे, कमला मेश्राम, प्रीति गोंडाने, पुष्कर गोंडाने, अनुज सुखदेवे, पल्लवी गोंडाने, आचल सुखदेवे, ताराबाई मेश्राम, नंदा मेश्राम, प्रकाश रामटेके, एकलव्य मेश्राम व अन्य उपस्थित रहें।

### 6 लीटर शराब जब्त, कोचिया गिरफ्तार

**कांकेर।** चारामा पुलिस ने 14 अप्रैल को छापामार कार्यवाही करते हुए महुआ शरबा के साथ कोचिया को पकड़ा। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार आरोपी बधियापारा चारामा निवासी 22 वर्षीय उमेश कुमार दर्रो पिता रूपसिंग दर्रो अपने कब्जे में 6 लीटर हाथ भट्ठी से बना हुआ महुआ शराब रखा हुआ था व बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में था। आरोपी के कब्जे से महुआ शराब को जप्त कर धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



### अधिकारी-कर्मचारियों का अवकाश निरस्त

**कांकेर।** जनगणना 2027 के महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को सुचारू एवं समयबद्ध रूप से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने इससे सम्बद्ध अधिकारी-कर्मचारियों का अवकाश पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार जिले के सभी मास्टर ट्रेनर्स, फील्ड ट्रेनर्स, प्रगणकों, पर्यवेक्षकों तथा जनगणना कार्य में सम्बद्ध अधिकारी-कर्मचारियों के अवकाश 15 अप्रैल से 10 जून किया गया है। उक्त अवधि में कोई भी अधिकारी अथवा कर्मचारियों को बिना पूर्व अनुमति के मुख्यालय छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।

### बस्तर मुन्ने कार्यक्रम के तहत होगा सर्वेक्षण

**कांकेर।** बस्तर संभाग के सभी सात जिलों में एनसीएईआर सर्वेक्षण के परिणामों के आधार पर व्यक्ति मूलक योजनाओं का सैचुरेशन किया जाएगा। इसके लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बस्तर मुन्ने नामक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके तहत सैचुरेशन के प्रयास को गति देने तथा ग्रामीणों को योजना का लाभ त्वरित गति से पहुंचाया जाएगा। उक्त कार्यक्रम के तहत शासन की योजनाओं के लाभ से छूटे हुए ग्रामीणों को व्यक्तिमूलक योजनाओं एवं सामुदायिक कार्यों का लाभ प्रदान करने के लिए तीन स्तरों ग्राम पंचायत, क्लस्टर, विकासखण्ड स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### बुजुर्ग ने फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** कच्चे चौकी अंतर्गत पटेलपारा कच्चे निवासी 65 वर्षीय अंकालू राम उर्वशा पिता स्व. सुकालू राम ने अज्ञात कारणों के चलते 13 अप्रैल को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक रोजाना कि तहर आंगन में सोया था। सुबह देखने पर उन्होने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

# दबंगों के हमले से घायल ग्रामीण लापता, पत्नी और बेटी ने भागकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कोयलीबेड़ा थाना अंतर्गत ग्राम बड़गांव (बदरंगी) में जमीन विवाद को लेकर मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहाँ एक ही गांव के आधा दर्जन दबंगों ने एकजुट होकर एक ग्रामीण के घर पर धावा बोल दिया। हमले के बाद से पीड़ित व्यक्ति लापता है, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

पीड़िता राजेश्वरी कोमरा ने आपबीती सुनाते हुए पुलिस को बताया कि घटना 13 अप्रैल की शाम करीब 4 बजे की है। गांव के ही प्रभु राम आंचला, ललित आंचला, सुनील हिड़को, दासू सलाम, गांडो हुर्रा और देवनाथ कोमरा एक राय होकर हाथों में लाठी-डंडा लेकर आए। हमलावरो ने मेरे पति नोहरू को जान से मार देंगे, इसे गांव में जमीन नहीं देंगे चिल्लाते हुए गाली-गलौज कर रहे थे। भयभीत होकर पति नोहरू राम और बेटी रेणुका ने घर का दरवाजा अंदर से बंद कर लिया, लेकिन हमलावरों ने दरवाजा लात से तोड़ दिया और अंदर दाखिल हो गए। घर के अंदर घुसकर आरोपियों ने नोहरू राम को लाठी-डंडों से बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। बीच-बचाव करने आई पत्नी राजेश्वरी और बेटी रेणुका के साथ भी अभद्रता की गई। दबंगों ने न केवल परिवार को जान से मारने की धमकी दी, बल्कि घर के सामान और खपरैल को भी तोड़कर भारी नुकसान पहुँचाया। पीड़ित महिला ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही और लापता पति की सुरक्षा की मांग की गई है।

## बड़गांव (बदरंगी) में जमीन विवाद पर हिंसक वारदात

### दबंगों के खिलाफ मामला दर्ज

पीड़िता ने थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि मारपीट के बाद मेरा पति लापता है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी प्रभु राम आंचला, ललित आंचला, सुनील हिड़को, दासू सलाम, गांडो हुर्रा व देवनाथ कोमरा के खिलाफ धारा 115 (2), 190, 191 (2), 191 (3), 296, 324 (2), 333, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



### जंगल के रास्ते दामाद के घर पहुंचे

दबंगो के हमले को देखते हुए जान का खतरा देखते हुए घायल ग्रामीण की पत्नी राजेश्वरी और उनकी बेटी किसी तरह मौके से भाग निकलीं और जंगल के रास्ते पैदल चलते हुए अपने दामाद के गांव पहुंचकर शरण लिया और पूरी घटना की जानकारी दिया, वहीं मारपीट के बाद से नोहरू राम के लापता होने की खबर ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है।

## गड़बडी : रजिस्ट्री रद्द करने का अधिकार नहीं, शिकायत का लंबा रास्ता बना बोझ

# रजिस्ट्री के बाद चेक हो रहे बाउंस, गरीब किसानों से धोखाधड़ी और ठगी उजागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जमीन की रजिस्ट्री के नाम पर किसानों के साथ हो रही ठगी का एक चिंताजनक पहलू सामने आ रहा है। चेक के माध्यम से भुगतान दिखाकर रजिस्ट्री तो हो जाती है, लेकिन बाद में वही चेक बाउंस हो जाता है और किसान अपनी ही जमीन के बदले ठगा हुआ महसूस करता है। न्याय के लिए भटकते इन ग्रामीणों की पीड़ा अब व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है।

कांकेर जिलजा में जमीन की खरीदी-बिक्री के दौरान चेक के माध्यम से भुगतान की व्यवस्था किसानों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। हालात यह हैं कि रजिस्ट्री के समय खरीदार द्वारा दिया गया चेक बाद में बाउंस हो जाता है, लेकिन जमीन की रजिस्ट्री पहले ही पूरी हो चुकी होती है और नए नियम के तहत तुरंत नामांतरण भी हो जाता है। ऐसे में जमीन बेचने वाला किसान न तो अपनी जमीन वापस पा पाता है और न ही उसे उसकी पूरी रकम मिलती है। ग्रामीण क्षेत्रों से लगातार ऐसी शिकायतें सामने आ रही हैं, जहां किसान अपनी वर्षों की मेहनत से अर्जित जमीन किसी मजबूरी के तहत बेचते हैं और बदले में उन्हें चेक थमा दिया जाता है। रजिस्ट्री प्रक्रिया पूरी होने के बाद जब किसान बैंक में चेक जमा करता है, तो वह बाउंस हो जाता है। इसके बाद किसान खरीदार के पीछे चक्कर लगाता रहता है, लेकिन अधिकतर मामलों में उसे न तो पैसा मिलता है और न ही कोई संतोषजनक समाधान मिल पाता है। जमीन बेचने वाले पीड़ित किसानों का कहना है कि इस समस्या का सबसे बड़ा कारण चेक के माध्यम से भुगतान की अनुमति है। उनका मानना है कि जब तक रजिस्ट्री के पहले भुगतान की पूरी राशि सुरक्षित रूप से प्राप्त न हो जाए, तब तक रजिस्ट्री की प्रक्रिया पूरी नहीं होनी चाहिए।



रजिस्ट्री के बाद भुगतान में धोखाधड़ी का आरोप, चेक हो गया बाउंस

गुमराह करके जमीन की रजिस्ट्री करवाने में बालोद का गैंग सक्रिय, किसान हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

पीड़ित ने जनदर्शन में आवेदन लगाकर समस्या के निराकरण की किया मांग

किसानों ने की मामले की जांच की मांग

बालोद के दलाल ने निभाई भूमिका

प्रशासन स्वमेव संज्ञान लेगा, तभी होगा एक्शन

### रजिस्ट्रार का रजिस्ट्री रद्द करना गैरकानूनी

परेशान किसान जब रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचकर अपनी समस्या रखते हैं, तो वहां भी उन्हें निराशा ही हाथ लगती है। रजिस्ट्रार स्पष्ट रूप से बताते हैं कि रजिस्ट्री एक बार हो जाने के बाद उसे रद्द करना उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं है। ऐसे मामलों में केवल सिविल कोर्ट का सहारा लेने की सलाह दी जाती है। सिविल कोर्ट का रास्ता किसानों के लिए आसान नहीं होता। वर्षों तक मुकदमा चलने, आर्थिक बोझ बढ़ने और मानसिक तनाव के कारण किसान और अधिक संकट में घिर जाता है। कई बार तो किसान न्याय की उम्मीद में अपनी बची-खुची पूंजी भी खर्च कर देता है, लेकिन समय पर राहत नहीं मिल पाती।

### आनलाइन भुगतान को हो प्रावधान

ग्रामीणों ने सरकार से मांग की है कि जमीन की रजिस्ट्री से पहले चेक से भुगतान पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। इसके स्थान पर आरटीजीएस, एनईएफटी या अन्य ऑनलाइन भुगतान माध्यमों को अनिवार्य किया जाए, ताकि लेन-देन पारदर्शी और सुरक्षित हो सके। क्षेत्र में जमीन दलाल और गैंग जो सक्रिया है, उससे गरीब किसानों को राहत मिल सकेगी। यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो जमीन के नाम पर चेक देकर ठगी करने वाले गिरोह सक्रिय रहेंगे और किसानों का शोषण जारी रहेगा।

### धोखाधड़ी पर आएगी कमी

विशेषज्ञों और रजिस्ट्रार कार्यालय में कार्य करने वाले अधिकारियों का भी मानना है कि डिजिटल भुगतान व्यवस्था से इस तरह की ठगी पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकती है। यदि भुगतान की पुष्टि के बाद ही रजिस्ट्री और नामांतरण की अनुमति दी जाए, तो किसानों के साथ होने वाले इस प्रकार के धोखाधड़ी के मामलों में कमी आएगी। वर्तमान में प्रदेश में हजारों किसान इस तरह की ठगी का शिकार हो चुके हैं और न्याय के लिए दर-दर भटक रहे हैं।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम से महिलाओं को मिलेगा सशक्त प्रतिनिधित्व : शालिनी राजपूत

**कांकेर।** देश में महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को नई दिशा देने की तैयारी के बीच केंद्र सरकार का एक ऐतिहासिक कदम चर्चा में है। देश की पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लागू होने जा रहा नारी शक्ति वंदन अधिनियम न केवल लोकतंत्र को अधिक समावेशी बनाएगा, बल्कि महिलाओं को निर्णय लेने की मुख्यधारा में लाने का मजबूत आधार भी तैयार करेगा। उक्त बातें छत्तीसगढ़ राज्य हस्तशिल्प बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने मीडिया से संवाद करते हुए कहीं।



छत्तीसगढ़ राज्य हस्तशिल्प बोर्ड की अध्यक्ष ने कहा कि इस अधिनियम के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया है। इससे देशभर की महिलाओं को राजनीति में भागीदारी का समान अवसर मिलेगा और वे नीति-निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकेंगी। इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम माना जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य हस्तशिल्प बोर्ड की अध्यक्ष ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह अधिनियम महिलाओं के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि इससे समाज के हर वर्ग, जाति और क्षेत्र की महिलाओं को नेतृत्व के क्षेत्र में आगे आने का अवसर मिलेगा। उनके अनुसार, आज की महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी क्षमता साबित कर चुकी हैं और यह कदम उनकी राजनीतिक भागीदारी को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा।

छत्तीसगढ़ राज्य हस्तशिल्प बोर्ड की अध्यक्ष शालिनी राजपूत ने प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताते हुए कहा कि ⏭ शेष पेज 10 पर

## तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को मारी ठोकर, सवार युवक गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

चारामा थाना क्षेत्र में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जहां एक लापरवाह ट्रक चालक ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दिया। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कांकेर जिला के थाना चारामा अंतर्गत ग्राम बाबूकोहका के पास मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया। जानकारी के अनुसार ग्राम चिनौरी निवासी 25 वर्षीय सतीश विश्वकर्मा अपने दैनिक कार्य के सिलसिले में मोटरसाइकिल से ग्राम कसावाही जा रहा था। वह खेती-किसानी, मजदूरी के साथ-साथ शादी-ब्याह में बाजा बजाने का कार्य करता है और उसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए निकला था। बताया जा रहा है कि सतीश अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 19 बीएम 2063 से सुबह करीब 10 बजे चिनौरी से निकला था और जब वह बाबूकोहका के पास मुख्य मार्ग पर पहुंचा, ⏭ शेष पेज 10 पर



## जनगण 2027: मकान सूचीकरण पर विस्तृत प्रशिक्षण, 76 प्रतिभागियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गूकोंदल

जनगणना 2026-27 के अंतर्गत प्रथम चरण का प्रशिक्षण प्रारंभ हो गया। यह प्रशिक्षण 15 से 17 अप्रैल तक आयोजित किया जा रहा है। प्रथम दिवस का प्रशिक्षण पीएमश्री सजेस दुर्गूकोदल में संपन्न हुआ, जिसमें कुल 76 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम तहसीलदार कुलदीप ठाकुर की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस दौरान मास्टर ट्रेनर्स मनीष गौतम, दिग्विजय सलामे, बाबूलाल कोमरे एवं फील्ड ट्रेनर राजेंद्र सहारे ने प्रतिभागियों को विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण में 70 प्रगणकों और 6 सुपरवाइजरों को जनगणना से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण के दौरान प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को मकान सूचीकरण कार्य की विस्तार से जानकारी दी गई। इसमें मकान नंबर, भवन की स्थिति, परिवार के निवास की जानकारी तथा घर की आधारभूत संरचना से संबंधित सभी पहलुओं को समझाया गया। इसके साथ ही परिवार के मुखिया एवं अन्य सदस्यों की जानकारी एकत्रित करने की प्रक्रिया भी विस्तारपूर्वक बताई गई। प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि किस प्रकार सटीक और व्यवस्थित रूप से डेटा संग्रहण किया जाना है, ताकि जनगणना का कार्य सफलतापूर्वक और त्रुटिरहित तरीके से संपन्न हो सके। प्रतिभागियों को व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से भी समझाया गया, जिससे वे वास्तविक परिस्थितियों में बेहतर तरीके से कार्य कर सकें।



अधिकारियों ने बताया कि यह प्रशिक्षण तीन दिनों तक चलेगा, जिसमें आगामी सत्रों में अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी विस्तृत जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण का उद्देश्य सभी प्रगणकों और सुपरवाइजरों को पूरी तरह सक्षम बनाना है, ताकि वे जनगणना कार्य को जिम्मेदारीपूर्वक और प्रभावी ढंग से पूरा कर सकें। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे उन्हें जनगणना के कार्य को समझने में काफी सहायता मिलेगी। अधिकारियों ने भी सभी प्रतिभागियों से पूरी गंभीरता और सजगता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की अव्हान किया।

## खनिज विकास निधि से उपलब्ध कराई पलवेराइजर मशीन

# हर्रा ने बदली तस्वीर, ग्राम इच्छापुर की महिलाएं आत्मनिर्भरता की बनीं मिसाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

कभी दिहाड़ी मजदूरी पर निर्भर रहने वाली इच्छापुर की महिलाएं आज अपने हुनर और सामूहिक प्रयास से आत्मनिर्भरता की मिसाल बन चुकी हैं। हर्रा वनौषधि प्रसंस्करण केंद्र के माध्यम से इन महिलाओं ने न केवल अपनी आर्थिक स्थिति सुधारी है, बल्कि समाज में एक सशक्त पहचान भी बनाई है।

जिला प्रशासन द्वारा खनिज विकास निधि से उपलब्ध कराई गई पलवेराइजर मशीन, पैकेजिंग सामग्री और अन्य संसाधनों ने महिलाओं के जीवन में बदलाव लाते हुए मिसाल पेश किया है, वहींइंदिरा वन मितान स्व-सहायता समूह की 10 महिलाओं ने मिलकर इस केंद्र का संचालन संभाला और वनौषधियों के संग्रहण, प्रसंस्करण एवं पैकेजिंग का कार्य शुरू किया। आज यहां हर्रा, बहेड़ा, त्रिफला, अश्वगंधा, सफेद मूसली, नीम, सतावरी और आंवला चूर्ण सहित आठ प्रकार के उत्पाद तैयार करने में महारथ हासिल कर लिया है। जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित कांकेर के अंतर्गत संचालित वनधन योजना ने ग्रामीण अंचलों में महिलाओं के जीवन को नई दिशा दी है। इच्छापुर स्थित वनधन विकास केंद्र, मर्दापोटी क्लस्टर के 17 गांवों के 2137 परिवारों को जोड़ते हुए आज एक सशक्त आर्थिक मॉडल बनकर उभरा है। इनमें से 1512 परिवार लघु वनोपज संग्रहण के माध्यम से अपनी आजीविका चला रहे हैं।



**महिलाएं हो रही हैं आत्मनिर्भर :** समूह की महिलाओं का कहना है कि पहले उन्हें गांव में कभी-कभार मजदूरी मिलती थी, जिससे परिवार चलाना मुश्किल हो जाता था। अब वे न केवल आत्मनिर्भर हैं, बल्कि अपने बच्चों की शिक्षा और परिवार की जरूरतों को बेहतर तरीके से पूरा कर पा रही हैं। इच्छापुर की यह महिलाएं आज अन्य ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गई हैं। उनका आत्मविश्वास और मेहनत यह साबित करता है कि सही अवसर और सहयोग मिलने पर ग्रामीण महिलाएं भी सफलता की नई ऊंचाइयों को छू सकती हैं।

**कार्य में लगातार आया सुधार :** विशेषज्ञों के नियमित प्रशिक्षण और आयुर्वेद विभाग के तकनीकी सहयोग से उत्पादों की गुणवत्ता में लगातार सुधार हुआ है। यही कारण है कि पिछले चार वर्षों में इस केंद्र ने 75 लाख 76 हजार 375 रुपए के वनौषधि उत्पाद तैयार कर बाजार में आपूर्ति की है। इससे समूह की प्रत्येक महिला को प्रतिवर्ष 35 से 40 हजार रुपए तक की आय प्राप्त हो रही है।

## परतापुर मेले में महिला रक्षा टीम ने नुक्कड़ नाटक, कार्यशाला व डेमो किया आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

परतापुर मेला इस बार सिर्फ उत्सव का केंद्र नहीं, बल्कि जागरूकता का सशक्त मंच बनकर उभरा। पुलिस की महिला रक्षा टीम ने मोर मितान अभियान के तहत लोगों से सीधा संवाद किया। नुक्कड़ नाटक, कार्यशाला और डेमो के जरिए सुरक्षा और सतर्कता का संदेश दिया गया। महिलाओं और बच्चों को आत्मरक्षा, साइबर सुरक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।

पखांजुर विकासखंड अंतर्गत परतापुर वार्षिक मेला में इस बार सिर्फ मनोरंजन ही नहीं, बल्कि सामाजिक जागरूकता का भी अनूठा संगम देखने को मिला। महिला रक्षा टीम ने कार्यशाला के माध्यम से गुड टच-बैड टच, बाल विवाह, साइबर अपराध, पाक्सो एक्ट, मानव तस्करी और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां सरल भाषा में समझाई गईं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नुक्कड़ नाटक रहा, जिसमें शराब सेवन के दुष्परिणाम, यातायात नियमों की अनदेखी से होने वाली हानि, घरेलू हिंसा और महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे मुद्दों को प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया गया। साथ ही इन समस्याओं से बचाव के उपाय और आवश्यक सावधानियों के बारे में भी विस्तार से बताया गया। महिलाओं और बच्चों को अभिव्यक्ति ऐप की जानकारी देते हुए ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया समझाई गई और मौके पर ही ऐप डाउनलोड कराया गया। इसके अलावा, कांकेर पुलिस द्वारा स्थापित शिकायत पेटियों के माध्यम से भी अपनी समस्या या संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने के तरीकों से अवगत कराया गया। अंत में महिला रक्षा टीम ने सेल्फ डिफेंस का डेमो प्रस्तुत कर महिलाओं और बच्चों को आत्मरक्षा के लिए प्रेरित किया। ⏭ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### लंबित प्रकरणों को किया जाए जल्द से जल्द निराकृत

**कोण्डागांव।** वर्ष 2026 की द्वितीय अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी की बैठक प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश खिलावन राम रीगरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कोंडागांव एवं नारायणपुर जिले के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जेलों में निरुद्ध विचाराधीन बंदियों के प्रकरणों की समीक्षा की गई, विशेष रूप से लंबे समय से लंबित मामलों पर ध्यान केंद्रित किया गया। पात्र बंदियों को जमानत, रिहाई एवं अन्य वैधानिक लाभ दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान करने पर विशेष जोर दिया गया। अध्यक्ष द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आपसी समन्वय स्थापित कर लंबित प्रकरणों को जल्द से जल्द निराकृत करना सुनिश्चित करें। भविष्य में इस प्रकार की समीक्षा बैठकें नियमित रूप से आयोजित करने का निर्णय लिया गया, ताकि बंदियों के अधिकारों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में कलेक्टर, पुलिस एवं जेल प्रशासन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### पौनी-पसारी चबूतरे फिर से व्यवस्थित होंगे

**धमतरी।** शहर में सब्जी विक्रेताओं की सुविधा के लिए बनाए गए पौनी-पसारी चबूतरे को फिर से व्यवस्थित करने की पहल तेज हो रही है। वर्तमान में इन चबूतरों का उपयोग कम होने के कारण नगर निगम अब इनके बेहतर उपयोग पर ध्यान दे रहा है। स्थानीय नागरिकों ने सुझाव दिया है कि इन चबूतरों को कुम्हार बाजार के रूप में विकसित किया जाए, जिससे कुम्हारों को स्थायी स्थान मिल सके और सड़कों पर लगने वाले अव्यवस्थित बाजार से राहत मिले। इस पहल से ट्रैफिक व्यवस्था सुधरेगी और शहर में व्यवस्थित व स्वच्छ बाजार का माहौल भी तैयार होगा।

### राजपुर में नवीन सोसाइटी का शुभारंभ आज

**मगरलोड।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित राजपुर का वर्चुअल शुभारंभ आज 15 अप्रैल बुधवार को सुबह 11 बजे प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप द्वारा किया जाएगा। मुख्य अतिथि रोहित मोहन साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष होंगे। अध्यक्षता विजय यदु भाजपा जिला उपाध्यक्ष धमतरी करेंगे। विशिष्ट अतिथि कृष्णकुमार ध्रुव जनपद सभापति सहकारिता, कविता सिन्हा जनपद सदस्य, श्रवण साहू पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष, जनकलाल साहू प्राधिकृत अधिकारी मोहंदी सोसाइटी, जाम बाई सिन्हा सरपंच राजपुर, हरिविनायक सिन्हा सरपंच सरगी, शत्रुघ्न साहू प्राधिकृत अधिकारी भोथीडीह सोसाइटी, नंदनी सिन्हा भाजपा मंडल महामंत्री, मुरली सिन्हा मंडल महामंत्री, डामेश्वर सिन्हा प्राधिकृत अधिकारी सोसाइटी बोरसी होंगे।

# कलेक्टर ने जनगणना प्रशिक्षण कार्य का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित जनगणना प्रशिक्षण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रगणकों और सुपरवाइजर को जनगणना से जुड़े सभी बिंदुओं को ध्यानपूर्वक समझकर सटीक जानकारी संकलन करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने नागरिकों से 16 अप्रैल से प्रारंभ होने वाले स्व–गणना कार्य में सक्रिय भागीदारी की अपील की, ताकि जनगणना समय–सीमा में पूर्ण हो सके। 16 से 30 अप्रैल तक नागरिक अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे, जिसके बाद प्रगणक घर–घर जाकर सत्यापन करेंगे। जनगणना 2027 के अंतर्गत प्रथम चरण में 1 मई से 30 मई तक मकान सूचीकरण एवं आवास गणना की जाएगी। कलेक्टर ने प्रशिक्षण में शामिल कर्मचारियों को गर्मी के मौसम में स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखते हुए जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर, तहसीलदार एवं मास्टर ट्रेनर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### सटीक व पारदर्शी जनगणना के लिए दिए निर्देश



### नागरिकों से स्वगणना में भाग लेने की अपील, आज से शुरू होगी स्वगणना कार्य




कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने नागरिकों से स्व–गणना अभियान में बढ़–चढ़कर भाग लेने की अपील करते हुए जनगणना में जनसहभागिता को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि देश के समग्र विकास के लिए सटीक एवं विश्वसनीय आंकड़ों का होना आवश्यक है, जिससे बेहतर योजनाएं बनाई जा सकें। नागरिक 16 अप्रैल से ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं। जनगणना के प्रथम चरण में 01 मई से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण एवं आवास गणना का कार्य किया जाएगा। कलेक्टर ने आश्वस्त किया कि जनगणना के दौरान एकत्रित की गई सभी जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी। उन्होंने नागरिकों, प्रगणकों और सुपरवाइजरों से सहयोग की अपेक्षा करते हुए इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाने की अपील की।

### समाधान नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

# लगातार बिजली गुल और लो वोल्टेज से ग्रामीण हो रहे बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव



- पंप नहीं चल पाने के कारण फसलें सूख रहीं

विद्युत विभाग कोंडागांव के वितरण केंद्र रांधना अंतर्गत आने वाले ग्राम लुभा, सण्डसा, उलेरा, ठेमगांव, सोडसिवनी, तितना और ओ ण ड री सहित आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय से बिजली गुल और लो वोल्टेज की समस्या ने ग्रामीणों का जीना दूभर कर दिया है। समस्या से परेशान ग्रामीणों में अब आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि अनियमित बिजली आपूर्ति और लो वोल्टेज के कारण किसानों की फसलें सूखकर नष्ट हो रही हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं पेयजल की समस्या भी दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है, जिससे आमजन का जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि उनकी समस्या पर शासन-प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। हालात ऐसे हैं कि बिजली की समस्या से पूरे क्षेत्र में संकट की स्थिति बनी हुई है। इसी समस्या के समाधान की मांग को लेकर बुधवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण नगर स्थित बिजली कार्यालय पहुंचे और अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांग की कि जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति में सुधार किया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस दौरान राजूराम मण्डवी, श्रवण कुमार, पतिराम, प्रभुराम, सुकमन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

#### सिंचाई मोटरों में कैपेसिटर जरूर लगवाएं: एई

नगर के बिजली विभाग के एई विनोद मरकाम ने बताया कि लो वोल्टेज की समस्या को लेकर किसानों द्वारा आवेदन प्राप्त हुआ है। इस संबंध में किसानों से चर्चा की गई है। उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने सिंचाई मोटरों में कैपेसिटर अवश्य लगवाएं। कैपेसिटर लगाने से वोल्टेज की समस्या में काफी हद तक सुधार हो सकता है।

# सेन महाराज की जयंती पर सामाजिक सद्भाव और नशामुक्ति का दिया संदेश




हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा

संत नंदा सेन महाराज की 726वीं जन्म जयंती नया झेरिया सेन समाज द्वारा पेंशनर समाज कल्याण भवन चारामा में श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कन्हैया सिंह ठाकुर अध्यक्ष, पेंशनर समाज कल्याण तहसील चारामा एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज अध्यक्ष बनवाली सेन ने की।

मुख्य अतिथि कन्हैया सिंह ठाकुर ने युवा वर्ग से सामाजिक सद्भाव बनाए रखने, बुजुर्गों का सम्मान करने और मर्यादित जीवन जीने की अपील की। उन्होंने नशे के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नशा, नाश की जड़ है, जिससे मनुष्य की संवेदनशीलता समाप्त हो जाती है और समाज का विकास प्रभावित होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बनवाली सेन ने संत नन्दा सेन महाराज के जीवन प्रसंगों का उल्लेख करते हुए उनके ईश्वर के प्रति अटूट प्रेम और सेवा भावना को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि संत सेन महाराज की भक्ति इतनी गहरी थी कि एक बार वे भजन में लीन हो गए और राजदरबार की सेवा भूल गए, तब स्वयं भगवान उनके स्वरूप में आकर सेवा कार्य पूर्ण कर गए।

इस प्रसंग के माध्यम से उन्होंने कहा कि सच्ची श्रद्धा और भक्ति रखने वाले भक्तों की रक्षा स्वयं भगवान करते हैं। कार्यक्रम के अंत में समाज के लोगों ने संत सेन महाराज के आदर्शों पर चलने और समाज में एकता, सद्भाव एवं नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। आयोजन श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक एकजुटता के वातावरण में सफलतापूर्वक हुआ।

कार्यक्रम में समाज के सचिव बंशीलाल सेन, सह सचिव कमलनारायण सेन, कोषाध्यक्ष नंदकुमार सेन, उपाध्यक्ष तुकाराम सेन, संरक्षक आनंद राम सेन, मुख्य सलाहकार रामनंदन कौशिक, राजेश कुमार सेन सहित पूर्व पार्षद जानकी सेन, दमयंती सेन, लता सेन, ममता सेन, फूलबाई सेन और परमीला सेन सहित महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही।

# आंबेडकर जयंती पर हुआ भूमि पूजन और दिया सामाजिक एकता का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरोना

डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर महार समाज क्षेत्र सरोना में भव्य आयोजन किया गया, जिसमें सामाजिक एकता, शिक्षा और जागरूकता का सशक्त संदेश देखने को मिला। पूरे कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और युवाओं की भागीदारी रही, जिससे क्षेत्र जय भीम के नारों से गूंज उठा।

सुबह नर्सरी पारा स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण एवं कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात नर्सरी पारा से ग्राम सिंगनपुर तक डीजे और मोटरसाइकिल रैली निकाली गई, जिसमें समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सामाजिक जागरूकता का संदेश फैलाया। ग्राम सिंगनपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम ने बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करने और समाज को शिक्षित व संगठित बनाने पर जोर दिया।

टिकेश्वर सिंहा ने कहा कि शिक्षा समाज की प्रगति का सबसे मजबूत आधार है। वहीं तारा ठाकुर ने कहा कि शिक्षा ही वह शक्ति है, जो व्यक्ति को अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने की क्षमता प्रदान करती है। विधायक ने भारतीय संविधान की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा को विकास की कुंजी बताया। जयंती के अवसर पर ग्राम सिंगनपुर में महार समाज के सामाजिक भवन के लिए भूमि पूजन भी किया गया, जिससे समाज में खुशी और उत्साह का माहौल रहा।

अंत में गोवर्धन रामटेके द्वारा मंच संचालन करते हुए सभी अतिथियों और उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में सरपंच शंकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर, जनपद सदस्य चिंतामणि रामटेके, उपसरपंच रामेश्वरी सोनवानी, भाजपा मंडल अध्यक्ष टिकेश्वर सिंहा सहित जनप्रतिनिधि एवं समाज के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### जायसवाल निको इंडस्ट्रीज को सुरक्षा पखवाड़े में 6 पुरस्कार



**भानुप्रतापपुर।** जायसवाल निको इंडस्ट्रीज लिमिटेड की मेटाबोदेली लौह अयस्क खदान को 41वें वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कुल छह पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। यह सम्मान खदान में सुरक्षा मानकों के अनुरूप खनिज उत्खनन और बेहतर प्रबंधन के लिए प्रदान किया गया। यह पुरस्कार वितरण समारोह 12 अप्रैल को केंद्रीय खान सुरक्षा महानिदेशालय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा अंबुजा सीमेंट, बलौदाबाजार क्षेत्र के सहयोग से आयोजित किया गया। इस अवसर पर कंपनी के अध्यक्ष खदान टी. प्रसन्ना कुमार एवं उनकी टीम ने पुरस्कार ग्रहण किया। समारोह में नागपुर स्थित महानिदेशालय के वेस्टर्न जोन सुरक्षा के उप महानिदेशक रामअवतार मीणा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कंपनी के कार्यकारी निदेशक एसपीडी एसके स्वैन ने इस उपलब्धि पर पूरी टीम को बधाई देते हुए उनके समर्पण, मेहनत और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की। खान सुरक्षा पखवाड़ा 2025 के तहत मेटाबोदेली खदान को निम्नलिखित श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त हुए विस्फोटक उपयोग में द्वितीय पुरस्कार, विद्युत स्थापना एवं रखरखाव में तृतीय पुरस्कार, कल्याण एवं स्वास्थ्य सुविधाओं में तृतीय पुरस्कार, प्राथमिक उपचार में तृतीय पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ प्राथमिक उपचारकर्ता के रूप में आशीष कुमार (माइनिंग मेट) को द्वितीय पुरस्कार, ट्रेड टेस्ट (एक्सकेवेटर) में तृतीय पुरस्कार।

# कर्मा विद्या मंदिर मुसुरपुट्टा का परीक्षाफल 100 प्रतिशत रहा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बासनवाही

कर्मा विद्या मंदिर मुसुरपुट्टा में वार्षिक परीक्षा परिणाम समारोह का आयोजन उत्साह और गरिमामय वातावरण में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना एवं माल्यार्पण के साथ हुई। इसके पश्चात कक्षा केजी 1 से लेकर सातवीं तक के विद्यार्थियों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहने पर पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर मेधावी छात्र-छात्राओं को मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि दिलीप अरकरा ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सफलता के लिए मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान संस्था की स्टाफ सदस्य ममता सिंह एवं जानकी कुंजाम को ससम्मान विदाई दी गई। वहीं कक्षा पांचवीं के छात्र खोमेंद्र कुमार साहू के नवोदय विद्यालय में चयन होने पर अतिथियों द्वारा गुलाल वंदन कर उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया। समारोह में विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करते हुए शिक्षकों एवं अभिभावकों ने विद्यालय के उत्कृष्ट परिणाम पर प्रसन्नता व्यक्त की। अंत में संस्था के प्रधानाचार्य रोमलाल साहू ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम में ग्राम सरपंच दिलीप अरकरा मुख्य अतिथि उपस्थित रहे एवं जनपद सदस्य संगीता शोरी विशिष्ट अतिथि शामिल हुईं।

# झेरिया सेन समाज ने संत सेन की जयंती पर कलश यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल




संत नंदा सेन महाराज की 726वीं जयंती के अवसर पर झेरिया सेन समाज ब्लॉक दुर्गुकोंदल द्वारा आवासपारा में ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत सेन समाज द्वारा निकाली गई कलश यात्रा से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया। इसके पश्चात संत नंदा सेन महाराज की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। जनपद सभापति विकास राजु नायक ने कहा कि यह दिन केवल जयंती नहीं, बल्कि संत नंदा सेन महाराज के महान विचारों और आदर्शों को स्मरण करने का पावन अवसर है। उन्होंने समाज को अंधविश्वास से दूर रहने, शिक्षा को बढ़ावा देने तथा सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने का संदेश दिया। विजय पटेल एवं शकुंतला नरेटी ने अपने संबोधन में कहा कि संत नंदा सेन महाराज ने अपना जीवन समाज सेवा, मानव कल्याण और सत्य के मार्ग पर चलने के लिए समर्पित किया। वक्ताओं ने युवाओं से संगठन को मजबूत करने और समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने का आव्हान किया। कार्यक्रम में सरपंच शकुंतला नरेटी, नरेंद्र सेन तथा विकास राजु नायक, सर्व पिछड़ा वर्ग समाज ब्लॉक अध्यक्ष विजय पटेल, राहुल जाम्बूरकर, मनोज बघेल, तुलसी मतलाम, बीरेंद्र जैन सहित समाज तिलेश्वर भारद्वाज, मुक्ति कौशिक, धनसियाम सेन, भाव सिंह सेन, सचिव राधिका भारद्वाज, रमेशरी सेन, उर्वशी सेन, विमला सेन, हेमिन बाई सेन, लम्बी सेन, मोगरा सेन, सातो बाई सहित समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

# नाथियानवागांव की सेन जयंती में नारी शक्ति का किया सम्मान




**कांकेर।** नाथियानवागांव में नारी पढ़ेगी तभी तो विकास गढ़ेगी के प्रेरणादायी संदेश के साथ संत नंदा सेन महाराज की 726वीं जयंती हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाई गई। चंदापारी सेन समाज ग्रामीण नाथियानवागांव द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि समाज में महिलाओं की भूमिका को सम्मान देते हुए उन्हें ही मुख्य मंच पर स्थान दिया गया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण की मिसाल पेश करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में हिरमोतीन बाई सेन कोकड़ी एवं विशिष्ट अतिथि बिरजा बाई सेन देवगांव उपस्थित रहीं। अतिथि महिलाओं का साड़ी एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला सेन समाज ग्रामीण कांकेर के अध्यक्ष प्रभुराम शांडिल्य ने संत सेन महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए केश शिल्पी कल्याण बोर्ड की योजनाओं एवं कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। समारोह में समाज के गौरव बढ़ाने वाले रक्तदाताओं को भी सम्मानित किया गया। अखिलेश सेन को 44 बार तथा खिलेश कुमार सेन को 12 बार रक्तदान करने पर शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। युवा वक्ता संदीप कुमार सेन ने संत सेन के जीवन, उनके आदर्शों और समाज के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर लखनलाल शांडिल्य, कत्थाराम सेन, महेन्द्र शांडिल्य और संतोष शांडिल्य सहित समाज के अन्य गणमान्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में लगभग 80 परिवारों के 200 से अधिक लोगों की सहभागिता रही, जिससे आयोजन में उत्साह और एकता का माहौल देखने को मिला।

## पेज 9 के शेष

### नारी शक्ति वंदन...

केंद्र सरकार लगातार महिला सशक्तिकरण के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय के नेतृत्व में महिलाओं के हित में कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। विशेष रूप से महतारी वंदन योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से महिलाओं को हर माह आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है, जिससे उनकी आत्मनिर्भरता बढ़ रही है और वे अपने परिवार व समाज में सशक्त भूमिका निभा रही हैं।

### तेज रफ्तार ट्रक ने ...

तभी चारामा से कांकेर की ओर जा रहे एक तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक सीजी 18 के 8682 ने सामने से आकर उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटर सायकल में सवार सतीश सड़क किनारे जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में युवक के सिर, आंख, नाक, हाथ-पैर और उंगलियों में चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पीड़ित सतिश विश्वकर्मा ने थाना चारामा पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 और 125 (ए) के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी चालक की पहचान कर ली गई है और मामले की जांच जारी है।

### परतापुर मेले में महिला...

यह अभियान न केवल जागरूकता फैलाने में सफल रहा, बल्कि समाज में सुरक्षा और विश्वास की भावना को भी मजबूत करने में महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

**खबर संक्षेप**

## बाबा साहब की 135वीं जयंती मनाई गई



**घाटलोहंगा।** बस्तर विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा के उपनेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल के जगदलपुर स्थित निवास स्थान पर भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके विचारों को याद किया। कार्यक्रम में संविधान, समानता, शिक्षा और सामाजिक न्याय के प्रति बाबा साहब के योगदान पर प्रकाश डाला गया। विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब के आदर्श आज भी समाज को दिशा देने वाले हैं और उनके बताए मार्ग पर चलकर ही एक समतामूलक समाज का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे और सभी ने बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

## शिक्षा ही हमें अपने अधिकारों और कर्तव्यों का मान कराती

**मद्देड़।** बीजापुर जिले के भोपालपटनम तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत मद्देड़ में भारत रत्न भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती बड़े हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर गांव के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं समाज के गणमान्य लोगों ने अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान क्षेत्र की विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथियों ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर ने दलित शोषित और वंचितों के लिए अपना सम्पूर्ण जीवन समर्पित कर दिया, उन्होंने सामाजिक दंश झेलने के बावजूद भी उच्च शिक्षा प्राप्त की और समाज की सेवा और उत्थान में जुड़ गए, बाबा साहब आंबेडकर ने मंत्र दिया है कि शिक्षित बनो संगठित रहो और संघर्ष करो शिक्षा ही हमें अपने अधिकारों और कर्तव्यों का मान कराती हैं। बाबा साहब द्वारा दिया गया संविधान देश के लोगों की सबसे बड़ी ताकत है, हमारे संविधान हमें अधिकार सम्पन्न बनाता हैं।

## विधायक ने समस्याओं को शीघ्र पूरा करने दिया आश्वासन

**घाटलोहंगा।** विधायक एवं विधानसभा के उप नेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल चैत्र मेला कार्यक्रम में शामिल होकर पुजारी के साथ पूजा अर्चना कर क्षेत्र के सुख समृद्धि का कामनाकर ग्रामीणों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान विधायक ने ग्रामीणों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल, बिजली सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को उनके समक्ष रखा। ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से समन्वय कर शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

नक्सल खात्मे के बाद अब ईमानदार पहल की हो शुरुआत

शांति की दिशा में शुरू हुए प्रयास ने सफलता हासिल कर ली

### पुलिस की स्थानांतरण नीति में भी हो बदलाव, जनप्रतिनिधियों ने कहा-नक्सलमुक्ति का स्वागत

# खून खराबे से सनी सड़कों पर बहे विकास की गंगा

लीलाधर राठी ▶▶| सुकमा

छग में डबल इंजन की सरकार बनने के बाद से लगने लगा था कि इस बार बस्तर में शांति की दिशा में धरातली प्रयास होंगे। इस दिशा में देश के गृहमंत्री अमित शाह ने बस्तर से इसकी शुरूवात कर आम लोगों से चर्चा करते हुए शांति की दिशा में कार्य शुरू कर दिया था। वही आम नागरिकों को भी अहसास होने लगा था इस बार नक्सलवाद को लेकर ईमानदार पहल होगी। नक्सलवाद खात्मे के बाद जनप्रतिनिधियों व अमजन का मानना है कि खून खराबे से सनी सड़कों पर अब विकास की गंगा बहनी चाहिए।भारत में नक्सली हिंसा की शुरुआत वर्ष 1967 में पश्चिम बंगाल में दार्जिलिंग जिले के नक्सलबाड़ी गांव से हुई थी। नक्सलबाड़ी गांव के नाम पर ही उग्रपंथी आंदोलन को नक्सलवाद कहा गया। बस्तर में नक्सलियों ने 1983 के आसपास बीजापुर क्षेत्र में अपनी आहट दी थी और 1987 में अविभाजित बस्तर जिले के बीजापुर जिले के जनपद अध्यक्ष कुरसम रामैया की हत्या की थी। एक अच्छी पहल के साथ नई शुरूआत बस्तर के लगभग सभी जिलों को चपेट में लिये नक्सलवाद को लेकर प्रदेश के साथ-साथ दिल्ली में शांति की दिशा में शुरू हुए प्रयास ने सफलता हासिल कर ली।

### बस्तर को न समझा जाए कालापानी की सजा

अक्सर देखा गया है कि राजधानी व मैदानी क्षेत्रो में तैनात अधिकारी कर्मचारी को बतौर सजा के तौर पर बस्तर भेजे जाने की धमकी दी जाती है और स्थांतरण उपरांत वो कर्मचारी अपने आपको कालापानी की सजा समझ कर जैसे तैसे दिन गुजारता है। इस दौरान उक्त के द्वारा अपने कत्र्तव्यों के प्रति जो निष्ठा दिखानी होती है वो न दिखा कर उल्टे कहता है कि इससे बुरी जगह कहां भेजोगे।

### भ्रष्टाचार पर कसा जाए नकेल

नक्सलवाद की जड़े हिलने के बाद से बस्तर में व्याप्त भ्रष्टाचार को पहले दूर किया जाना चाहिऐ। बस्तर के घोर नक्सल प्रभावित जिलो के लिये भेजे जाने वाले पैसो में 50 फीसदी राशि बंदरबांट में चली जाती थी। प्राप्त आंकड़ो के अनुसार वर्ष 2012-13 में सुकमा जिले के लिये केन्द्र सरकार द्वारा आईएपी मद से प्रति वर्ष 20 करोड़ रूपये नक्सल प्रभावित ग्रामों के विकास के लिये भेजा गया था। एक अकेले सुकमा जिले में उस दौरान 3 वर्षों में 65 करोड़ रूपये सुकमा जिले को प्राप्त हुआ था जिसमे से मात्र 2.5 लाख रूपये ही जगरगुण्डा क्षेत्र में खर्च किये गये बाकी सुकमा जैसे शहरो के आसपास सीसी सड़क व चार दीवारी में र्ख कर दिये गये। ऐसे कई मामले है जिसे करोडो अरबो रूपये नक्सल प्रभावित क्षेत्रो के लिये भेजा जाता है लेकिन वो सिर्फ फर्जी रिपेयर में ही खर्च हो जाता गये है।





## पुलिस की स्थानांतरण नीति में भी हो बदलाव

### छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खात्मे का श्रेय डबल इंजन को



सांसद प्रतिनिधि व वरिष्ठ भाजपा नेता अरूण सिंह भदौरिया ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खात्मे का श्रेय मुख्य रूप से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राज्य की भाजपा सरकार की देन है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद लगभग खत्म हो गया है, जिसका कारण आक्रामक ऑपरेशन, बुनियादी ढांचे का विकास सड़कें और आत्मसमर्पण नीतियां हैं। उन्होंने इसे एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया और अब आगे के विकास पर ध्यान केंद्रित करने की बात कही। गांव में स्कूल खोलने के लिए अभियान चल रहा है। हर गांव में सरकार की योजना पहुंच रही है। राशन की दुकान, हर तहसील और पंचायत में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्थापित हो रहे हैं। लोगों को यहां अनाज मिल रहा है।





### अब विकास को लेकर ना करे बहानाः कुंजाम



जिला पंचायत उपाध्यक्ष महेश कुंजाम ने कहा कि बस्तर में एक बड़ी नक्सलवाद समस्या रही है, अब खत्म हो गया है। अब सवाल है कि नक्सलवाद के कारण विकास नहीं हुआ है। अब विकास होना चाहिए। अब उन क्षेत्र में आंगनबाड़ी, स्कूल की व्यवस्था, शिक्षकों की कमी को पूरा करना, छात्रावास, आश्रम पोटाकेबिनों में अव्यवस्थाओं को बेहतर करना, स्वास्थ्य सेवाएं ग्रामीण क्षेत्र तक पहुंचना आसान होगा जायेगा। हर गांव में सड़क की सुविधा होगी। साथ में उन क्षेत्र में आदिवासी, मुलनिवासियों का जल, जगल, जमीन भी सुरक्षित रखना है, सरकार से भी यह उम्मीद करते है की वनाधिकार पट्टा सभी लाभार्थियों को नियमानुसार 10 एकड़ तक वन पट्टा दे।

### बस्तर की खुशहाली में ही छत्तीसगढ़ की असली प्रगतिः दीपिका



इस संबंध में महिला आयोग की सदस्या सुश्री दीपिका शोरी ने कहा कि बस्तर को नक्सलवाद से मुक्त करना केवल एक सुरक्षा संबंधी चुनौती नहीं है, बल्कि यह इस क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और आदिवासियों के विश्वास को जीतने का मार्ग है। एक शांतिपूर्ण बस्तर का अर्थ है हॉस्पिटल्स, स्कूल और पक्की सड़कों का दूरस्थ गांवों तक पहुंचना। जब बस्तर हिंसा के साये से बाहर आएगा, तब यहां की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, अद्भुत हस्तशिल्प और प्राकृतिक पर्यटन जैसे चित्रकोट और तीरथगढ़ वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना पाएंगे। स्थानीय युवाओं के लिए शिक्षा और स्वरोजगार के नए द्वार खुलेंगे, जिससे वे मुख्यधारा से जुड़कर क्षेत्र की उन्नति में भागीदार बनेंगे। बस्तर की खुशहाली में ही छत्तीसगढ़ की असली प्रगति निहित है।

### केवल बंदूकों की नहीं, बल्कि विकास विश्वास और लोकतंत्र की जीत



सुकमा जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता कैलाश जैन ने कहा कि सुकमा की धरती के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। दशकों के संघर्ष के बाद, हम गर्व के साथ यह साझा कर रहे हैं कि सुकमा अब नक्सलवाद के साये से मुक्त हो चुका है। यह जीत केवल बंदूकों की नहीं, बल्कि विकास, विश्वास और लोकतंत्र की जीत है। सुरक्षा बलों का समर्पण हमारे जवानों के सर्वोच्च बलिदान और निरंतर रणनीतिक अभियानों ने नक्सलियों के नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। विकास की नई राह अब सुकमा के दूरस्थ अंचलों तक सड़कें, स्कूल, अस्पताल और बिजली निर्बाध रूप से पहुँच रही हैं। सुकमा अब केवल संघर्ष की कहानियों के लिए नहीं, बल्कि पर्यटन, शिक्षा और खुशहाली के लिए जाना जाएगा।

### स्थानांतरण नीति में हो बदलाव

बस्तर में 40 वर्ष से अधिक समय से अंगद की तरह पैर जमाये नक्सलवाद को लेकर पूर्व में भी प्रयास हुए थे लेकिन सफलता के नाम पर शून्य हासिल हुआ था। सूत्रो की माने तो इस लड़ाई में अहम भूमिका निभाने वाले पुलिस कर्मियों के स्थानांतरण नीति में बड़ी खामियां है। आज भी बस्तर में दर्जनों की संख्या में पुलिस निरीक्षक तैनात है जो पिछले 6 से 8 वर्षो से लगातार बस्तर में अपनी सेवा दे रहे है। इसके अलावा इनके नीचे के पुलिस कर्मी तो कई वर्षो से स्थानांतरण की बांट जो रहे है। कांग्रेस सरकार के समय में भी पुलिस के अधिकारी कर्मचारी अपने नीतिगत स्थांतरण को लेकर गुहार लगाये थे लेकिन उक्त सरकार में भी उनकी एक भी नहीं सुनी गई। पुलिस निरीक्षक स्तर के अधिकारियों के लिये दो वर्ष में स्थानांतरण की नीति बननी चाहिये।

## पीएम श्री सेजेस के विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहांडीगुड़ा

पीएम श्री सेजेस लोहांडीगुड़ा के कक्षा 5 के विद्यार्थियों ने वर्ष 2025 -26 की जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों में वर्षिका ठाकुर, मोहित कुमार धलेन्द्र, ऋषि कुमार गोटे, लाव्या सेठिया, तानिया भारद्वाज एवं इशानी पटेल शामिल हैं।

इन सभी विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय परिवार ने इस सफलता को विद्यार्थियों और शिक्षकों के सामूहिक प्रयास का परिणाम बताया है। शिक्षकों के मार्गदर्शन और निरंतर सहयोग ने बच्चों को इस मुकाम तक पहुँचाने में अहम भूमिका निभाई है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी शालिनी तिवारी, एसएमडीसी अध्यक्ष बसंत कश्यप, प्राचार्य अशोक खापर्डे तथा समस्त विद्यालय स्टाफ ने विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। विद्यालय के प्राचार्य एवं स्टाफ ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अन्य विद्यार्थियों को भी उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया है।

यह उपलब्धि न केवल विद्यालय के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए भी प्रेरणादायक है।

## शिक्षा स्वास्थ्य व समूहों की गतिविधियों का सदस्य सचिव पिथोडे ने किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



आकांक्षी जिला दंतेवाड़ा में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, आजीविका एवं कौशल विकास जैसे प्रमुख क्षेत्रों में हो रही प्रगति का जायजा लेने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग सीएक्यूएम, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सदस्य सचिव तरुण कुमार पिथोडे दो दिवसीय प्रवास पर दंतेवाड़ा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने

- बालमित्र, आजीविका सेवा केन्द्र , उप स्वास्थ्य केन्द्र तथा बिंजाम, झोड़ियाबाड़म में पहुंचकर महिलाओं और कार्यकर्ता से किया चर्चा

विकासखंड दंतेवाड़ा, कुआकोण्डा एवं गीदम के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं और जमीनी स्तर पर संचालित गतिविधियों का निरीक्षण किया।

इस क्रम में सदस्य सचिव पिथोडे ने बालमित्र पुस्तकालय मांझीपारा का भ्रमण कर बच्चों से संवाद किया और उनकी पढ़ाई, पुस्तकालय उपयोग तथा सीखने के अनुभवों की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को नियमित अध्ययन के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ पुस्तकालय की भूमिका की सराहना करते हुए उनसे भविष्य के योजनाओं के बारे में जानना चाहा। इसके पश्चात उन्होंने कुआकोण्डा स्थित आजीविका सेवा केंद्र का अवलोकन किया, जहां स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित रोजगार गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। इस मौके पर समूह की दीदियों ने बताया कि वे उत्तम बीज, जैविक खाद तथा अन्य कृषि आधारित उत्पादों का निर्माण एवं विक्रय कर रही हैं। ज्ञात हो कि इस केंद्र से 34 ग्राम संगठनों के परिवार लगभग 300 लाभान्वित हो रही हैं, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो रही है।

दौरे के दौरान पिथोडे ने रेडीटू ईट पूरक पोषण केंद्र कुआकोण्डा का भी निरीक्षण किया। यहां कार्यरत समूह की महिलाओं से चर्चा करते हुए उन्होंने पोषण आहार के वितरण एवं उपयोग के बारे में जानकारी ली। यहां महिलाओं ने बताया कि यह पोषण आहार जिले के चारों विकास खंडों में गर्भवती एवं शिशुवती माताओं तथा कुपोषित बच्चों को प्रदान किया जाता है, जिससे उनके स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। इसके साथ ही उन्होंने उप स्वास्थ्य केंद्र श्यामगिरी में भी पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया तथा कार्यकर्ताओं और महिलाओं से संवाद किया। साथ ही आयुष्मान आरोग्य मंदिर श्यामगिरी में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं, दवाइयों, लैब जांच और प्रसव सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने मरीजों से चर्चा कर अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में फीडबैक भी लिया।

इसके अलावा सदस्य सचिव ने बिंजाम-झोडियाबाड़म में कृषि से संबंधित फूड प्रोसेसिंग यूनिट तथा बिंजाम एटीएम आधारित मॉडल कृषि को भी देखा। इस भ्रमण के दौरान कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव, एसडीएम लोकांश एल्मा, एसडीएम राजीव कुजूर, उप संचालक पंचायत तरुण देशमुख,फेलो शिप ज्योति बाबू, संचित सहित अन्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।



## केशापुर के ग्रामीणों को जनपद उपाध्यक्ष ने दिया पानी टैंकर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

केशापुर ग्राम में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में पहल करते हुए दरभा जनपद उपाध्यक्ष पीडी हरीश ने 14 अप्रैल को पानी टैंकर का वितरण किया।

इस पहल से ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। ग्राम का भूजल स्तर काफी नीचे चले जाने के कारण कई बोरवेल असफल हो चुके हैं। वहीं नल-जल योजना भी पूरे गांव में पर्याप्त पानी पहुंचाने में असक्षम साबित हुई है।

ऐसे में ग्रामीण लंबे समय से पानी की किल्लत से जूझ रहे थे खासकर विवाह व अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के दौरान उन्हें अन्य गांवों से टैंकर मंगवाना पड़ता था। टैंकर उपलब्ध होने से अब गांववासियों को बड़ी सुविधा मिलेगी और पानी की समस्या से काफी हद तक निजात मिलने की उम्मीद है।

## जनगणना के पहले चरण की तैयारी तेज, प्रगणकों का प्रशिक्षण शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दोरनापाल

भारत की जनगणना 2027 के पहले चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना को लेकर दोरनापाल और जगरगुंडा तहसील क्षेत्रों में तैयारियां तेज हो गई हैं।

केन्द्रीय जनगणना निदेशालय, नई दिल्ली एवं राज्य जनगणना निदेशालय के निर्देशानुसार प्रगणकों और सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण दोरनापाल स्थित स्वामी आत्मानंद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शुरू हो गया है। दोरनापाल तहसील ग्रामीण क्षेत्र में प्रथम चरण के तहत 15 अप्रैल से 17 अप्रैल तक 44 प्रगणक-सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है, जबकि दूसरे चरण में 18 अप्रैल से 20 अप्रैल तक 30 प्रगणक-सुपरवाइजर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। वहीं जगरगुंडा तहसील ग्रामीण में प्रथम चरण 15 अप्रैल से 17 अप्रैल तक 40 तथा दूसरे चरण में 22 अप्रैल से 24 अप्रैल तक 41 प्रगणक-सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना के प्रथम चरण की प्रक्रिया, मोबाइल एप के उपयोग और डाटा संकलन से जुड़ी जानकारी दी जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि दोरनापाल तहसील ग्रामीण में कुल 76 हाउस लिस्टिंग ब्लॉक (एचएलबी) बनाए गए हैं, जबकि जगरगुंडा तहसील ग्रामीण में 91 एचएलबी निर्धारित किए गए हैं।

जनगणना का प्रथम चरण 1 मई से 30 मई तक संचालित होगा। इस दौरान प्रगणक अपने-अपने आवंटित एचएलबी क्षेत्रों के गांवों में घर-घर जाकर मोबाइल एप के माध्यम से मकानों की गणना करेंगे। सर्वे के दौरान कुल 34 निर्धारित प्रश्नों के आधार पर मकान मालिकों से जानकारी लेकर उसे डिजिटल रूप से दर्ज किया जाएगा।

एकत्रित डाटा को बाद में सेंट्रल प्रोसेसिंग के लिए सबमिट किया जाएगा। प्रशासन ने सभी ग्रामीणों से अपील की है कि जनगणना कार्य में सहयोग करें और सही जानकारी उपलब्ध कराएं, ताकि आंकड़ों का सटीक संकलन सुनिश्चित हो



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**दस्तावेज गुमा**

सूचित किया जाता है कि "स्वर्ण कुमार लामा" (Swaran Kumar Lama), पिता स्व. श्री पाल सिंह लामा (Late Pal Singh Lama) वर्तमान निवासी सीटीजेडब्ल्यू कॉलेज, कांकेर, जिला-उत्तर बस्तर कांकेर (छत्तीसगढ़) का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज जमीन का मूल बिक्रीनामा दस्तावेज (Original Copy) (Deed of Sale No-3597, विक्रय तिथि 25 मई 1968) दिनांक 08 अप्रैल 2026 को फोटोकापी के लिए कांकेर लाते समय रास्ते में कहीं गुम हो गया है।

यह दस्तावेज सिलिगुड़ी (जिला दार्जिलिंग, पश्चिम बंगाल) स्थित जमीन का है जिसका माप लगभग 6 कट्ठा या .10 डेसिमल (6 Kathas or .10 Decimal) भूमि से संबंधित है। आसपास क्षेत्र में काफी खोजबीन एवं जांच पड़ताल के बाद भी (Deed of Sale No-3597) मूल बिक्रीनामा दस्तावेज (Original Copy) नहीं मिल पाया है।

यह दस्तावेज अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि किसी सज्जन को यह दस्तावेज मिले, तो कृपया नीचे दिए गए पते पर सूचना देने की कृपा करें। सूचना देने वाले को उचित इनाम दिया जाएगा।

दिनांक 15.04.2026

**नाम - स्वर्ण कुमार लामा**
**पता :- सीटीजेडब्ल्यू कॉलेज, कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### हिन्दूबिनापाल में हर्षोल्लास से मनी आंबेडकर जयंती



**अंतागढ़।** ग्राम पंचायत हिन्दूबिनापाल में 15 अप्रैल को संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहेब के छायाचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान सरपंच सनबती आंचला ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने हमें शिक्षा, संघर्ष और संगठन का मूलमंत्र दिया। उनके विचारों पर चलकर ही हम एक समतामूलक समाज का निर्माण कर सकते हैं। सभी ग्रामीणों से बच्चों को शिक्षित करने और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने कि बात कही। साथ ही अम्बेडकर जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन भी किया गया था। इस अवसर पर पंचायत के सचिव शिवनाथ उसेंडी ने उपस्थित ग्रामीणों को ग्राम सभा के बारे में आवश्यक जानकारी दिए। ग्राम सभा में ग्राम सभा अध्यक्ष रैयसिंह समरथ, ग्राम सभा के नोडल अधिकारी राधा गोटा, वार्ड पंच अजित आचला, मंजू आंचाला, पूजा सलाम, सरोज आंचला सहित ग्रामवासी, विशेषकर महिलाएं उपस्थित रहें।

### धरना-प्रदर्शन, सभा, रैली और जुलूस प्रतिबंधित

**कांकेर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने आदेश जारी कर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के धारा 163 (1) (2) के अधीन कलेक्ट्रेट परिसर तथा परिसर के आसपास 200 मीटर की परिधि में लोक शांति एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 06 अप्रैल से 03 जून 2026 तक कुल 60 दिवस की अवधि के लिए प्रतिबंधित किया है। जारी आदेश के अनुसार उक्त अवधि के दौरान कलेक्टर परिसर एवं परिसर के आसपास के 200 मीटर की दूरी में धरना, प्रदर्शन, सभा, रैली, जुलूस, नारेबाजी इत्यादि के लिए पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है।

### पोषण पखवाड़ा 23 तक मनाया जाएगा

**कांकेर।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण स्तर में सुधार और जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिले में 23 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है, जिसके तहत मातृ एवं शिशु पोषण, 0 से 3 वर्ष तक के बच्चों के मस्तिष्क विकास के लिए प्रारंभिक उत्प्रेरण, प्रारंभिक वर्षों में 3 से 6 वर्ष तक के बच्चों के लिए खेल आधारित शिक्षा, बच्चों के स्क्रीन टाइम को कम करने में अभिभावकों और समुदाय की भूमिका तथा सुदृढ़ आंगनबाड़ी निर्माण में जनसहभागिता जैसे थीम पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

### डाक जीवन बीमा मृत्यु दावा निपटान में डाकघर मिसाल

**कांकेर।** भारतीय डाक विभाग के अंतर्गत प्रधान डाकघर कांकेर द्वारा डाक जीवन बीमा के एक मृत्यु दावा प्रकरण का सफलतापूर्वक निपटान किया गया है। इस कार्यवाही ने विभाग की त्वरित एवं पारदर्शी सेवा प्रणाली को एक बार फिर साबित किया है। जानकारी के अनुसार स्व प्रमोद कुमार यादव की डाक जीवन बीमा पॉलिसी के अंतर्गत 7 सात लाख रुपए की बीमा राशि स्वीकृत थी। उनका निधन 31 जनवरी 2026 को हृदयघात के कारण हो गया था। इस पॉलिसी में उनकी पत्नी कविता यादव नामिनी एवं दावाकर्ता के रूप में दर्ज थीं। दावा प्रक्रिया के दौरान आवश्यक सभी दस्तावेज जैसे मृत्यु प्रमाण पत्र, दावा प्रपत्र, आधार कार्ड एवं पैन कार्ड विधिवत प्रस्तुत किए गए, जिनका सत्यापन संतोषजनक पाया गया। दस्तावेजों की पूर्णता के आधार पर डाक विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए दावा राशि स्वीकृत कर दी गई।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, छेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# भाजपा के स्थापना दिवस पर किया झिटकाटोला में ग्रामीणों से संवाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दुर्गुकोंदल

भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर झिटकाटोला बूथ में गांव चलो-बस्ती चलो अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने गांव में पहुंचकर ग्रामीणों से सीधा संवाद स्थापित किया और केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान महतारी वंदन योजना, नल-जल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना एवं विधवा पेंशन योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों की समस्याओं को भी गंभीरता से सुना और उनके समाधान के लिए आश्वासन दिया।

उपस्थित ग्रामीणों ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि इनसे उन्हें वास्तविक लाभ मिल रहा है और शासन की नीतियां आम जनता के हित में हैं। कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे जनसेवा और जनजागरण के माध्यम से शासन की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाएंगे तथा आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाते रहेंगे।

### गांव चलो-बस्ती चलो अभियान चलाया



**उपस्थित रहे**

आयोजित कार्यक्रम में रामचंद्र कल्लो, नागसाय तुलावी, यशवंत तिवारी, धनसिंह ध्रुव, विरेन्द्र जैन, चिमन यादव एवं दिलीप रावटे सहित राधेलाल मारगीया, चमरसिंह कल्लो, तुमेश्वरी जैन, रतनी बाई कल्लो, सांवलबती कल्लो, सरिता तेता, कांती कल्लो, देवकी, सांता यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### सेल्फ-एन्यूमरेशन की सुविधा के साथ नई तकनीक अपनाएगी जनगणना 2027

# मोबाइल एप पर जनगणना, भानुप्रतापपुर में डिजिटल प्रक्रिया का प्रशिक्षण प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर

देश के सबसे बड़े प्रशासनिक कार्यों में शामिल जनगणना 2027 की तैयारियां अब जमीनी स्तर पर तेज हो गई हैं। इसी क्रम में भानुप्रतापपुर में प्रगणकों एवं सुपरवाइजर्स के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 अप्रैल से प्रारंभ हो गया है, जो 24 अप्रैल तक संचालित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण जिला प्रशासन के निर्देशानुसार तथा एसडीएम गंगाधर वाहिले के मार्गदर्शन में स्कूल परिसर में आयोजित किया जा रहा है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य जनगणना कार्य को पूरी तरह सटीक, पारदर्शी और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से संपन्न करना है। प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए एसडीएम गंगाधर वाहिले ने बताया कि जनगणना का पहला चरण 1 मई से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण के रूप में आयोजित होगा, जबकि दूसरा चरण फरवरी 2027 में परिवार एवं व्यक्तियों की गणना के लिए संपन्न किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस बार पूरी प्रक्रिया डिजिटल माध्यम से संचालित की जाएगी, जिससे आंकड़ों की गुणवत्ता और विश्वसनीयता में वृद्धि होगी। तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी सुरेंद्र उर्वशा ने जानकारी दी कि कुल 205 प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को तीन अलग-अलग बैच में तीन-तीन दिनों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का समय प्रतिदिन सुबह 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। इस दौरान प्रतिभागियों को जनगणना की बारीकियों से अवगत कराया जा रहा है। इस बार जनगणना 2027 में एक नई पहल के रूप में नागरिकों को सेल्फ-एन्यूमरेशन की सुविधा भी प्रदान की गई है। 16 अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच नागरिक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वयं अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद उन्हें एक यूनिक आईडी प्रदान की जाएगी, जिसे प्रगणकों को दिखाना अनिवार्य होगा। जनगणना अधिनियम 1948 के तहत सभी आंकड़े पूर्णतः गोपनीय रखे जाएंगे। किसी भी व्यक्ति की व्यक्तिगत जानकारी साझा करना दंडनीय अपराध है और इन आंकड़ों का उपयोग न्यायालय में साक्ष्य के रूप में भी नहीं किया जा सकता। प्रशिक्षण कार्यक्रम में निरंकार श्रीवास्तव, नुमेश सोनी, खेमलाल कटेंद्र, अशोक ठाकुर, विकास कोमरे, हितेश यादव, नीलेश गावडे, द्रोण टांडिया सहित भानुप्रतापपुर के सातों सर्किल के सुपरवाइजर एवं प्रगणक उपस्थित रहे।



**मोबाइल एप से डाटा का करेंगे संग्रहण**

मास्टर ट्रेनर टिकेश्वर सिंह ठाकुर ने बताया कि इस बार प्रगणकों को मोबाइल एप के माध्यम से डेटा संग्रह करना होगा। प्रशिक्षण में उन्हें एप इंस्टॉल करने, लॉगिन करने, डेटा एंट्री करने और नियमित रूप से डेटा सिंक करने की प्रक्रिया सिखाई जा रही है। इसके साथ ही क्षेत्र का मानचित्र सत्यापन, मकानों की नंबरिंग तथा घर-घर जाकर जानकारी दर्ज करने के निर्देश भी दिए जा रहे हैं।

**त्रुटियों को सुधारने देंगे निर्देश**

पर्यवेक्षकों की भूमिका भी इस प्रक्रिया में अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। वे अपने-अपने क्षेत्रों में प्रगणकों के कार्यों की निगरानी करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी मकान या परिवार जनगणना से छूट न जाए। साथ ही वे समय-समय पर कार्यों की समीक्षा कर त्रुटियों को सुधारने के निर्देश देंगे तथा आवश्यक होने पर चार्ज अधिकारी को सूचित करेंगे।

# मरकाटोला फत्तेचंद में संत नंदा सेन की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई



हरिभूमि न्यूज ▸▸ धनेलीकन्हार

संत नंदा सेन महाराज की 726 वीं जयंती सेलुन संघ ग्रामीण के तत्वावधान में ग्राम मरकाटोला फत्तेचंद में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत संत नंदा सेन महाराज एवं बजरंग बली के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर पूजा-अर्चना के साथ हुई। इस अवसर पर ग्राम सरपंच मिथलेश कावड़े ने कहा कि संत सेन महाराज की सेवा भावना आज भी समाज के लोगों में दिखाई देती है, चाहे वह सेलून कार्य हो या ग्राम सेवा। उन्होंने सेन समाज के भवन निर्माण हेतु शीघ्र भूमि आवंटन का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए श्रीवास सेन समाज युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष लोकेश्वर सेन ने संत सेन महाराज की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि महाराज का जन्म बैसाख कृष्ण पक्ष द्वादशी को मध्यप्रदेश के रीवा जिले के बांधवगढ़ में पिता चंद एवं माता सुशीला के घर हुआ था। वे बचपन से ही धार्मिक प्रवृत्ति के थे और ईश्वर भक्ति में लीन रहते थे। एक प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि एक बार भजन-कीर्तन में लीन होने के कारण संत सेन महाराज राजदरबार में सेवा के लिए नहीं पहुंच सके। किंतु भगवान ने स्वयं उनके रूप में जाकर राजा की सेवा की। जब यह बात राजा बीर सिंह को ज्ञात हुई, तो उन्होंने संत सेन महाराज को सम्मानपूर्वक राजमहल में स्थान दिया। इस प्रसंग से उनकी भक्ति और भगवान के प्रति सच्ची श्रद्धा का महत्व स्पष्ट होता है। कार्यक्रम में उपसरपंच प्रिंस पांडेय एवं गंधर्व समाज के संरक्षक नरेंद्र दीपक ने भी अपने विचार व्यक्त किए और समाज की एकता एवं परंपराओं को बनाए रखने पर जोर दिया। इस अवसर पर बसंत सेन, मोती सेन, संतोष सेन, मधुसूदन कौशिक, पुरन सेन, लिलेश सेन, रोशन कौशिक, ओम सेन, भूपेन्द्र सेन, शत्रुघ्न सेन, कोमल सेन, पुरुषोत्तम कौशिक, तुकेश्वर सेन, भोलाराम कौशिक, ओमनारायण कौशिक, संत सेन, चुम्मन सेन, केशोराम सेन, अखिलेश सेन, चेमन सेन, चिरंजीव सेन सहित समाज के लोग उपस्थित रहे।

# महंगाई, बेरोजगारी और गरीबी पर लगाम लगाने प्रधानमंत्री से की मांग



हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर

देश में निरंतर बढ़ रही महंगाई , बेरोजगारी व गरीबी जिससे आम गरीब जनता का जीना दुभर हो गया है। जनता त्राहि त्राहि कर रही है, किंतु सत्ता में बैठी सरकार गरीबी, महंगाई, बेरोजगारी रोकने कोई उपाय नहीं कर रही है। इसके विरोध में शिवसेना द्वारा पूरे देश भर में जनआंदोलन किया जा रहा है।

शिवसेना भानुप्रतापपुर द्वारा अनुविभागीय अधिकारी भानुप्रतापपुर के माध्यम से प्रधानमंत्री भारत सरकार को ज्ञापन सौंपते हुए कहा है कि देश में चावल, आटा ,तेल, दाल, नमक पेट्रोलियम, पदार्थ, रसोई गैस, भवन निर्माण सामग्री सभी के दर में बेतहास वृद्धि हो गई है। आम जनता अपना आवास नहीं बन पा रहा है, जिससे आम जनता का जीना दूभर हो गया है, गृहणी परेशान है। जनता महंगाई से त्राहि त्राहि कर रही कर रही है। किंतु केंद्र सरकार इस महंगाई को कम करने कि दिशा कोई प्रयास नहीं कर रही है, जिससे देश की जनता परेशान है।

देश में प्रतिदिन बेरोजगारों की संख्या में इजाफा हो रहा है। लोग गरीब से और गरीब होते जा रहे हैं। शिवसेना देश की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग करते हुए आर्थिक, विदेश नीतियों में सुधार करते हुए देश में बढ़ रही महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी, अराजकता पर लगाम लगाने और गरीबी से मर रही देश की जनता को जिंदा रहने का अधिकार देने कि बात कही गई।

# आकांक्षी विकासखंड कोयलीबेड़ा में राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस पर भव्य जागरूकता रैली आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोयलीबेड़ा

नीति आयोग के मार्गदर्शन में संचालित संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत तथा आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम एबीपी के तहत राष्ट्रीय सुरक्षित मातृत्व दिवस के अवसर पर विकासखंड कोयलीबेड़ा में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

रैली का शुभारंभ जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा मुख्यालय से किया गया, जिसे ग्राम सरपंच जागेश्वर पुजारी एवं पंच पवन वड्डे द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली ग्राम के विभिन्न मार्गों से होकर निकाली गई, जिसके माध्यम से सुरक्षित मातृत्व, संस्थागत प्रसव तथा नियमित प्रसव पूर्व जांच एएनसी जांच के प्रति व्यापक जन-जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अंकित राज लहरे, आकांक्षी विकासखंड फेलो एबीएफ, नीति आयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके मार्गदर्शन एवं समन्वय से यह रैली सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक हुई। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को सुनिश्चित करना तथा समुदाय में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य में सुधार लाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इस आयोजन में शिक्षा विभाग का योगदान रहा, जिसके सहयोग से स्कूली छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इसके अलावा बिहान राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन समूह की महिलाएं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षकगण तथा स्वास्थ्य विभाग के सहायक नर्स दाई एएनएम एवं स्टाफ नर्स की सक्रिय सहभागिता रही।



# संत नंदा सेन महाराज का प्राकट्य दिवस श्रद्धा और उत्साह से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर

संत नंदा सेन महाराज के प्राकट्य दिवस के अवसर पर संबलपुर में सेन समाज द्वारा भव्य एवं श्रद्धामय आयोजन किया गया। समाज के लोग दो दिवस पूर्व से ही तैयारियों में जुटे हुए थे और प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जयंती को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान से गौरी-गणेश पूजन, वरुण पूजन एवं कलश पूजन के साथ हुई। इस दौरान वक्ताओं ने संत सेन महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे मध्यकालीन भक्ति आंदोलन के प्रमुख संतों में से एक थे और संत रामानंद की परंपरा से जुड़े माने जाते हैं। उन्होंने अपने जीवन के माध्यम से भक्ति, सेवा, समानता और सामाजिक समरसता का संदेश दिया, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। सभा को संबोधित करते हुए समाज अध्यक्ष भुवनेश्वर सेन ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन हमारी परंपराओं को जीवित रखने के साथ समाज को एकजुट करने का कार्य करते हैं।



उन्होंने समाज के विकास के लिए सभी से सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। समाजसेवी राजीव श्रीवास ने संत सेन महाराज के आदर्शों को अपनाकर समाज को नई दिशा देने की आवश्यकता बताई, वहीं भगत शांडिल्य ने समाज की एकता और संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। कार्यक्रम के पश्चात भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान समाज के उत्थान से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई तथा भविष्य की रूपरेखा तय की गई।

अंत में सायंकाल विसर्जन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। आयोजन में गोपाल सेन, सिवन शांडिल्य, मिलाप शांडिल्य, परमा श्रीवास, छबिलाल शांडिल्य, ओमप्रकाश सेन, नरोत्तम सेन, नीलकमल भारद्वाज, गोरलाल, किशोर सेन, आनंद सेन, विशाल सेन, सहदेव शांडिल्य, रवि सेन, भाविखान सेन, देवलाल शांडिल्य, राजकुमार शांडिल्य, संतोष श्रीवास, अशोक सेन, शिवशंकर कौशिक, जागेश्वर सेन, अजय सेन सहित महिला एवं बच्चे उपस्थित रहे। यह आयोजन समाज में एकता, संस्कृति और संत परंपरा को सुदृढ़ करने का संदेश देते हुए सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### बाबा साहब के सपनों को साकार करने से समतामूलक समाज बनेगा

# आंबेडकर जयंती पर सरोना भाजपा मंडल ने लिया संकल्प, दी पुष्पांजलि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सरोना

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सरोना में भारतीय जनता पार्टी मंडल द्वारा भव्य एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष टेकेश्वर सिन्हा के नेतृत्व में तथा जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर की विशेष उपस्थिति में हुआ। आयोजन में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक शामिल हुए, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्साह और श्रद्धा का वातावरण देखने को मिला।



कार्यक्रम की शुरुआत सरोना स्थित बाबा साहब की प्रतिमा पर पूजा-अर्चना और माल्यार्पण के साथ हुई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब के योगदान को नमन करते हुए उनके विचारों को समाज में आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। इस दौरान विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी और वरिष्ठ नेताओं ने बाबा साहब के जीवन संघर्ष एवं उनके द्वारा दिए गए अधिकारों को याद किया। मंडल अध्यक्ष टेकेश्वर सिन्हा ने कहा कि बाबा साहब द्वारा रचित संविधान देश के करोड़ों वंचित, शोषित और गरीबों के अधिकारों की रक्षा करता है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक पुस्तक नहीं, बल्कि न्याय और समानता का आधार है। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने विपक्षी दलों पर भी निशाना साधते हुए कहा कि कुछ दलों ने वर्षों तक बाबा साहब के नाम पर राजनीति की, लेकिन उनके सिद्धांतों को लागू करने के लिए ठोस प्रयास नहीं किए। अब वही दल जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि देश की जनता सच्चाई को समझ चुकी है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने कहा कि बाबा साहब का जीवन शिक्षा, संघर्ष और संगठन की शक्ति का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार महिलाओं, गरीबों और वंचित वर्गों के सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं चला रही है, जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंच रहा है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने बाबा साहब के सिद्धांतों को अपनाने, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने और राष्ट्रहित में कार्य करने का सामूहिक संकल्प लिया।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शनः-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशिः-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411